ಜುಲೈ 2024-2025 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-3
JULY 2024-2025 EXAMINATION-3

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12] [ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38

Total No. of Printed Pages : 12] [Total No. of Questions : 38

A

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H **Code No. : 61-H**

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

Subject : Third Language — HINDI

(ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ)

(Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh)

ದಿನಾಂಕ : 10. 07. 2025] [Date : 10. 07. 2025

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-00 ರವರೆಗೆ] [Time : 10-00 A.M. to 1-00 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80] [Max. Marks : 80

CCE RR/PR/PF

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर निशान का अनुसरण करें) प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें ।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो ।

Cut here / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER WITH REVERSE JACKET
रिवर्स जैकेट सहित प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here/यहाँ से काटिए

3rd Language

Tear here/यहाँ से काटिए

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : **8 × 1 = 8**

1. 'सीमित' शब्द का विलोम रूप है –

(A) असीमित (B) नियमित

(C) परिमित (D) मित

2. 'लेखक' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

(A) लेख (B) लिखावट

(C) लेखनी (D) लेखिका

3. एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्णविराम (B) अर्धविराम

(C) प्रश्नार्थक (D) योजक

4. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है –

(A) पंजा (B) घोंसले

(C) लिफाफे (D) गमले

5. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) जगवाना (B) जगाना

(C) जगना (D) जग

6. निम्नलिखित में से वृद्धि संधि का उदाहरण है –

(A) महोत्सव (B) सदाचार

(C) नयन (D) एकैक

7. पंचवटी शब्द में समास है –

(A) बहुव्रीहि (B) द्विगु

(C) तत्पुरुष (D) द्वंद्व

8. रास्ते ..... एक तालाब मिला ।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

(A) का (B) की

(C) में (D) पर

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4 × 1 = 4**

9. सेब बेचनेवाला : बेईमान : : रेवड़ियाँ बेचने वाला : .....

10. पैरसी : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : .. ..

11. मकान के स्तंभ : हाथी के पैर जैसे : : मकान की छत : .....

12. चुगलखोर : बलराम : : भोला-भाला : .....

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4 × 1 = 4**

13. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया ?

14. मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े ?

15. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

16. भारत के खेत कैसे हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : **8 × 2 = 16**

17. कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई में क्या कहा ?

18. 'कश्मीरी सेब' पाठ का संदेश बताइए ।

19. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

20. लेखिका ने गिल्लू को क्यों मुक्त करना चाहा ?

21. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

22. बालकृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ?

23. सौर–मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

अथवा

शनि ग्रह का वायुमंडल किन–किन गैसों से बना है ?

24. महात्मा गाँधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

अथवा

'नागरिक के कर्तव्य' के बारे में अकुल के विचार क्या थे ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : **9 × 3 = 27**

25. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ?

26. धीरज सक्सेना को रोबोट की ज़रूरत क्यों थी ?

27. बचेंद्री का बचपन कैसे बीता ?

28. कर्नाटक के किन साहित्यकारों ने कन्नड़ साहित्य को समृद्ध बनाया है ? स्पष्ट कीजिए ।

29. अब्दुल कलाम और अहमद जलालुद्दीन की मित्रता के बारे में बताइए ।

30. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' – इस पंक्ति का आशय समझाइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िए, जब लग घट में प्राण ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में कावेरी, कृष्णा, तुंगभद्रा आदि अनेक नदियाँ बहती हैं । इन नदियों पर बाँध बनाये गये हैं । कर्नाटक में जोग, अब्बी, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात मनमोहक हैं ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

34. बसंत के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

अथवा

पंडित राजकिशोर की परोपकारिता अनुसरणीय है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता .....

.....

.....

..... भागो तुम ।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

36. विश्वकवि कुवेंपु आधुनिक कन्नड़ साहित्य के श्रेष्ठतम कवि, उपन्यासकार, कथाकार और आलोचक हैं । कर्नाटक में मलेनाडु का महत्व केवल उसकी प्राकृतिक रमणीयता के कारण ही नहीं, बल्कि महाकवि कुवेंपु की सौंदर्योपासना का स्थल होने के कारण भी है । मलेनाडु कुवेंपु जी की सौंदर्योपासना का प्रेरणा-स्रोत है । मैसूरू उनकी तपोभूमि और कर्मभूमि है । मैसूर में ही उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की ।

(अ) कन्नड़ साहित्य में कुवेंपु जी का स्थान क्या है ?

(आ) कर्नाटक में मलेनाडु का क्या महत्व है ?

(इ) कुवेंपु जी की कर्मभूमि और तपोभूमि कौनसी है ?

(ई) कुवेंपु जी ने उच्च शिक्षा कहाँ प्राप्त की ?

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : **1 × 4 = 4**

37. (क) **इंटरनेट–एक वरदान**

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का महत्व
* इंटरनेट की उपयोगीता
* उपसंहार ।

(ख) **समय का महत्व**

* प्रस्तावना
* समय का सदुपयोग
* विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व
* उपसंहार ।

(ग) **जनसंख्या की समस्या**

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण
* परिणाम व उपचार
* उपसंहार ।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **1 × 5 = 5**

38. अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

अथवा

अपनी शैक्षिक प्रगति के बारे में बताते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE